
CCI NG 3.7 Product: HelloDelhiBS PubDate: 17-01-2026 Zone: HelloDelhi Edition: 1 Page: HDP5 User: cci Time: 01-16-2026 15:25 Color:

‘पहले से पता था धुरंधर गेम चेंजर साबित होगी’
देखें अंदर



नवभारत टाइम्स NBT
# Delhi Times
OF INDIA
masala mix
SATURDAY, JANUARY 17, 2026
ADVERTORIAL, ENTERTAINMENT, PROMOTIONAL FEATURE



गोल्डन ग्लोब्स फैशन में प्रियंका और सेलेना आगे
देखें अंदर



CCI NG 3.7 Product: HelloDelhiBS PubDate: 17-01-2026 Zone: HelloDelhi Edition: 1 Page: HDPP6 User: jitesh.kalra Time: 01-16-2026 00:34 Color:




STRATEGICALLY LOCATED AT THE CROSSROADS OF NCR'S FUTURE

PREMIUM PLOTTED LIVING WITH COMPLETE OWNERSHIP FREEDOM

SEAMLESS CONNECTIVITY VIA UER II,NH-22 & KMP EXPRESSWAY

CURATED AMENTITIES FOR WELLNESS, LEISURE & COMMUNITY LIVING

INFRASTRUCTURE FIRST PLANNING FOR LONG TERM VALUE

ONE PRASTHA
BUILD • BETTER • BEYOND

THE ELITE RESIDENCES

HRERA-PKL-SNP-785-2025

+91 81008-84008


www.oneprastha.com

@oneprastha

Disclaimer: This advertisement is for information purposes only and does not constitute an offer or invitation to offer. All images, plans, specifications, and amenities are artistic impressions and subject to approval and change as per developers. Please verify all details independently.

CCI NG 3.7 Product: HelloDelhiBS PubDate: 17-01-2026 Zone: HelloDelhi Edition: 1 Page: HDDPRD User: cci Time: 01-16-2026 15:18 Color:





### वेलवेट काफ्तान, परांदी और धोती-स्टाइल बने इस सीज़न के ट्रेंड

# लोहड़ी ने किया फैशन सेट

**इस सीज़न की फेस्टिव चॉइस बन रहा है लोहड़ी का फैशन**

शिशिका मनचंदा


अलाव की गर्माहट, ढोल की थाप और खुलकर मनाया गया जश्न, इस साल की लोहड़ी कुछ ऐसी ही रही। रेवड़ी, पॉपकॉर्न और 'सुंदर मुंदरिये होए' के बीच पारंपरिक टेलरिंग से सजे विंटर-रेडी और टेक्सचर-रिच सिलुएट्स ने फेस्टिव स्टाइल को खास बना दिया। लोहड़ी के दौरान जो फैशन देखने को मिला, वही अब सीज़न की सबसे पसंदीदा फेस्टिव चॉइस के रूप में उभरकर सामने आया है।

## फर्शी सलवार देते हैं फेस्टिव लुक

इस साल लोहड़ी में ऐसे सिलुएट्स ट्रेंड में रहे, जो पारंपरिक होते हुए भी ओढ़ने और पहनने में आसान थे। फर्शी सलवार-सूट लंबी शेप, फ्लुइड मूवमेंट और स्टेटमेंट दुपट्टों के साथ फेस्टिव लेकिन हल्का लुक देते रहे। शरारा और घरारा सेट्स शॉर्ट कुर्ता टॉप्स के साथ स्टाइल किए गए, जो सर्दियों के लिए भी परफेक्ट ड्रेस हैं। लोहड़ी में दुपट्टों के जो ट्रेंड देखने को मिले, वह ऐसे हैं जो आप किसी भी मौके पर पहन सकते हैं।

## फ्यूज़न ड्रेसिंग ने खींचा फिर ध्यान

सिलेब्रिटी स्टाइलिस्ट रोशेल डीसा के मुताबिक, 'इस साल लोहड़ी पर फ्यूज़न ड्रेसिंग ने खास ध्यान खींचा। कलर-ब्लॉक शरारा, टैसल और मिरर-वर्क चोलियों को टिश्यू लहंगों के साथ स्टाइल किया गया। क्रॉप्ड पैंट्स, केप्स और लहंगे के साथ टेलर्ड वेलवेट ब्लेज़र भी फ्रेश लगे। एम्बेलिश्ड जुत्तियां, पोटली बैग्स, ईयर चेन और परांदी ने लुक को ट्रेंडिंग बनाया।'






## 'वेलवेट और टेक्सचर्ड बनावट से गर्माहट भी, स्ट्रक्चर भी'

लोहड़ी के दौरान विंटर-फ्रेंडली फैब्रिक्स ने फेस्टिव लुकबुक पर राज किया। कपड़ों के एक ब्रैंड की को-फाउंडर वृंदा बताती हैं, 'रॉ सिल्क, पश्मीना सिल्क, सिल्क जैक्वार्ड, सैटिन ब्लेंड्स और टेक्सचर्ड वीव्स लोहड़ी की शामों के लिए सबसे ज्यादा चुने गए। ये फैब्रिक्स न सिर्फ गर्माहट देते हैं, बल्कि आउटफिट को खूबसूरती से स्ट्रक्चर भी देते हैं। यही वजह है कि त्योहार जाने के बाद भी ये ट्रेंड में बने हुए हैं।' डिज़ाइनर राजदीप रानावत के अनुसार, 'इस साल लोहड़ी में सिल्क, सिल्क ड्यूपियन, चंदेरी और वेलवेट खास पसंद किए गए। वंटेज मोटिफ्स, हल्की इकत की झलक और मिनिएचर-स्टाइल फ्लोरल्स ने लुक को टाइमलेस बनाए रखा। ज़रदोज़ी, रेशम वर्क और मिरर डिटेलिंग ने फेस्टिव लुक में स्पार्कल जोड़ा।'










CCI NG 3.7 Product: HelloDelhiBS PubDate: 17-01-2026 Zone: HelloDelhi Edition: 1 Page: HDINDRAD User: cci Time: 01-16-2026 15:21 Color:



# 'हॉलिवुड की तरह सिनेमा को हम भी सॉफ्ट पावर बना सकते हैं'



आर माधवन

CONTINUED FROM ▪ 1

## 'हमारी कहानियां सीमित हो गई हैं'

हॉलिवुड से तुलना करते हुए माधवन कहते हैं, 'अमेरिका अपनी फिल्मों के जरिए आपको यह यकीन दिला देता है कि दुनिया में कहीं भी कोई समस्या हो, उसका हल सिर्फ अमेरिकियों के पास है। फिल्मों में हमेशा वही ताकतवर दिखाए जाते हैं, वही सबसे समझदार होते हैं और हर संकट का जवाब उनके पास होता है। यही वजह है कि हॉलिवुड एक मजबूत सॉफ्ट पावर बन पाया।' वह आगे कहते हैं, 'चाहे एलियन अटैक हो या कोई वैश्विक संकट, अमेरिकी फिल्मों में उनके लोगों को ताकतवर, बुद्धिमान और वैज्ञानिक रूप से उन्नत दिखाया जाता है। इसी कारण उनकी फिल्मों को दुनियाभर में जबरदस्त दर्शक मिलते हैं। भारत में भी ये सारी खूबियां हैं, लेकिन हमारी कहानियां ज्यादातर छोटे शहरों और सीमित सोच तक सिमट कर रह गई हैं। धुरंधर दिखाती है कि जब हालात बेहद मुश्किल हो जाते हैं, तब भारतीय क्या कर सकते हैं। इसमें सब कुछ असली लगता है।'

## 'समझना होगा देश से ऊपर कुछ नहीं'

माधवन साफ करते हैं कि फिल्म की शुरुआत में ही यह बताया गया है कि यह असली घटनाओं से प्रेरित एक काल्पनिक कहानी है। वह कहते हैं, 'फिल्म में जो कुछ भी दिखाया गया है, वह हकीकत से जुड़ा हुआ है। हमारे देश पर हमले हुए हैं, बम धमाके हुए हैं, कंधार में विमान अपहरण हुआ और 26/11 जैसी घटना भी हुई। ऐसे में सवाल उठता है कि हमलावर कौन हैं?' वह आगे कहते हैं, 'इस देश में ऐसे लोग हैं, जो बिना किसी पहचान के हमारी सुरक्षा कर रहे हैं। कहीं न कहीं कोई अपना काम सही तरीके से कर रहा है। अगर एक देश के तौर पर हम उन लोगों को पहचान नहीं देंगे, जो हमारी आजादी की रक्षा कर रहे हैं, चाहे वह प्रशासन हो या न्यायपालिका, तो हम बड़ी तस्वीर को नहीं समझ पाएंगे। हां, हमारी अपनी कमियां और समस्याएं हैं, लेकिन हम एक काम करने वाले लोकतंत्र हैं। मतभेद होना स्वाभाविक है, लेकिन देश से ऊपर कुछ नहीं होता और हर बात राजनीति से जुड़ी हो, यह भी जरूरी नहीं है।'

> अक्षय खन्ना ने धुरंधर में जो किया है, उसे देखिए। उनका सबसे छोटा सा हाव-भाव भी कविता बन जाता है। यह दर्शकों का प्यार है।



माधवन बताते हैं कि तनु वेड्स मनु (2011) में भी कहानी की डिमांड धैर्य रखने की थी। वह कहते हैं, 'उस फिल्म में कंगना का किरदार लीड कर रहा था। मेरा काम पीछे हटकर उसे आगे आने देना था।'

## 'काम की अभी तो शुरुआत है'

रहना है तेरे दिल में से लेकर शैतान और द रेलवे मैन तक, आर. माधवन ने कई अलग-अलग तरह के रोल अदा किए हैं। माधवन का मानना है कि अब 55 साल की उम्र में सोलो फिल्म उनके करियर को परिभाषित नहीं करती है। तो क्या अब वह क्रिएटिव रूप से ज्यादा बेहतर महसूस करते हैं? इस पर माधवन कहते हैं, 'हां, मैं नए-नए रोल इसलिए कर पा रहा हूं क्योंकि मुझे आज भी लगता है कि मैंने अपनी पूरी क्षमता से काम करना अभी शुरू ही किया है। मेरी जो फिल्में आने वाली हैं, वे दिखाएंगी कि निर्देशकों और कहानीकारों को मुझ पर कितना भरोसा है।'

माधवन उस सोच पर भी बात करते हैं जिसके मुताबिक सिर्फ एक लीड हीरो वाली फिल्म ही बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन करती है। वह कहते हैं, 'यह एक खास सोच का नतीजा है। इंडस्ट्री आपको यकीन दिला देती है कि सिर्फ सोलो लीड वाली फिल्म ही सफल होती है। लेकिन अगर आप हॉलिवुड को देखें तो अल पचीनो, रॉबर्ट डी नीरो ने ऐसे रोल किए हैं जो लीड न होते हुए भी अहम हैं।'

## 'पैरलल लीड भविष्य का रास्ता'

माधवन बताते हैं कि तनु वेड्स मनु में भी कहानी की मांग कुछ और थी। माधवन कहते हैं, 'उस फिल्म में कंगना का किरदार आक्रामक था और लीड लेने वाला था। मेरा काम पीछे हटकर उसे ऐसा करने देना था।' वह धुरंधर का उदाहरण देते हुए कहते हैं, धुरंधर में आप क्या यह कहेंगे कि रणवीर लीड ऐक्टर नहीं हैं? अगर आप सिर्फ स्क्रीन टाइम की बात करें, तो उन्हें सबसे ज्यादा स्पेस मिला है। लेकिन एक कदम पीछे हटने और दूसरे ऐक्टर को कहानी आगे बढ़ाने देने की समझदारी ही आइकॉनिक फिल्में बनाती है। अब पैरलल लीड ही भविष्य का रास्ता है। कहानी कहने का अंदाज अब बदल चुका है।'


माधवन कहते हैं, 'धुरंधर में रणवीर सिंह ने जिस तरह स्पेस दिया, मैं उसके लिए उनका कायल हूं। शैतान में यह काम अजय देवगन ने संभव बनाया। गुरु से अगर मुझे निकाल दें, तो अभिषेक के सामने खड़ा होने वाला कोई नहीं बचेगा।' वह साफ कहते हैं, 'आज के दौर में असली सोलो लीड फिल्में बहुत कम काम करती हैं। केजीएफ या कांतारा जैसी फिल्में अपवाद हैं, नियम नहीं।'

# फिल्मी सितारों ने धूमधाम से मनाई मकर संक्रांति

@ifautsavam



विजय देवरकोंडा ने मकर संक्रांति पर मां के साथ यह फोटो साझा की



प्रतीक गांधी पतंग उड़ाते नजर आए



संक्रांति पर समीक्षा का दिखा ये अंदाज

मकर संक्रांति पर फिल्मी सितारों का जुदा अंदाज दिखा। विजय देवरकोंडा ने मां के साथ एक दिल छू लेने वाली फोटो शेयर की जबकि समीक्षा ने फोटो संग लिखा संक्रांति वाइब्स। वहीं प्रतीक गांधी पतंग उड़ाते हुए नजर आए।



**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in